Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 224 | शुक्रवार, 15 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# किश्तवाड़ में फटा बादल ,42 की मौत

**किश्तवाड़/उधमपुर।**

मानसून की वर्षा इस बार किश्तवाड़ जिला में स्थित मां चंडी के घर के रास्ते में स्थित चशोती पर कहर बनकर टूटी हैं। मचैल चंडी माता मंदिर जाने वाले मार्ग पर भवन से आठ किलोमीटर की दूरी पर बसे चशोती गांव में गुरुवार दोपहर बादल फटने से ऐसा भयावह मंजर बना कि चारों ओर चीख-पुकार और बबार्दी का आलम फैल गया। देखते ही देखते शांत पहाड़ मौत के सैलाब में बदल गए, जिसने घर, वाहन, लंगर और लोगों को बहा ले जाकर तबाही की एक दिल दहला देने वाली तस्वीर पेश कर दी। जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 12.30 बजे लगातार हो रही बारिश के बीच चशोती के ऊपरी पहाड़ों पर अचानक बादल फट गया। इससे चशोती नाले में भयंकर बाढ़ अपने साथ मिट्टी और मलबा लेकर आ गई। जिसने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया। आधा



चशोती गांव इस तबाही की चपेट में आ गया। पानी के तेज बहाव में कई वाहन बह गए और बड़ी संख्या में लोग लापता हो गए। 12 घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और कईयों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा। इसी दौरान मचैल माता के श्रद्धालुओं के लिए चशोती में लगाया गया एक लंगर भी पूरी तरह बर्बाद हो गया। बताया जा है कि यह लंगर उधमपुर के सैला तालाब क्षेत्र के लोगों द्वारा संचालित किया जा रहा था। हादसे के बाद हालात इतने विकट हो गए कि अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, सैलाब आने से चशोती में तबाही मचने के बाद मचैल यात्रियों को मोटरसाइकिल पर ले जाने वाले स्थानीय चालक राहत और बचाव कार्य में सबसे पहले कूद पड़े।

## 200 से अधिक लोग अभी भी लापता

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि अगर यह अनुमान सही साबित हुआ तो यह त्रासदी और भी भयावह हो सकती है। अपुष्ट जानकारी के अनुसार, 200 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनका कोई सुराग नहीं है। लंगर और उसमें मौजूद लोगों का समाचार लिखे जाने तक कोई अता–पता नहीं था। मचैल यात्रा मार्ग पर चशोती वाहन से पहुंचने का अंतिम पड़ाव है। इसके आगे आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा या मोटरसाइकिल से सफर किया जाता है। हादसे वाली जगह ही वाहन स्टॉप और सुरक्षा जांच चौकी थी, जहां सेना, सीआईएसएफ और एसडीआरएफ के जवान तैनात थे। लेकिन सैलाब के बाद से इनके बारे में भी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।






## संपादक की कलम से

# ड्यूटी पर चढ़ा नशा

नशे में दफ्तर की दीवारें, नाचती कुर्सियां और ढहते नजारे। ऊना अस्पताल में इलाज की दरगाह तो नहीं मिली, मयखाना जरूर मिल गया। आश्चर्य यह कि दो नर्सों ने कथित तौर पर घूंट इतने चढ़ा लिए कि दफ्तर को नशा हो गया। मामला अपने तौर पर किसी मरीज की सिसकियों के भीतर छुपा लिया होता, अगर सोशल मीडिया को जुकाम न होता। यहां न तो औरत के जाम से शिकायत और न किसी कर्मचारी के मनोरंजन में खलल डालने की मंशा, मगर नशा जब ड्यूटी पर चढ़ जाए, तो सरकारी कार्यसंस्कृति का होगा क्या। यहां नशे की व्याख्या में अभी शराब पर ही गौर हो रहा है, लेकिन अगर यहां भी नर्सों की सफेद वर्दी पर सफेद चिट्टा सवार है, तो इसे कौन खोज पाएगा। यहां नशे की एक समस्या है, तो कत्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की हालत खराब है। आखिर हमारे सरकारी संस्थान कर क्या रहे हैं। फाइलों के रहस्य गुमनाम प्रक्रिया के विचित्र से चेहरे। हर दफ्तर में मुजरिम तो जनता है। सरकारी नौकरी को अधिकार मानने वाले यह भी नहीं सोचते कि प्रदेश का आधे से ज्यादा बजट तो उन्हीं की खिदमत में कुर्बान है। ये दो नर्सें अगर अपने दायित्व को किसी प्राइवेट अस्पताल की नर्सों से बांट लेतीं, तो मालूम होता कि कार्य पद्धति और पगार का हिसाब क्या होता। बेचारी नर्सें फंस गई, वरना दफ्तरों से मयखानों की खबरें तो आती हैं, लेकिन होता कुछ नहीं। खौफ यह है कि अगर अस्पताल के इलाज में नशा गलती से सिंरिंज पर चढ़ जाए, तो मरीज का क्या होगा। जाहिर है प्रदेश का दफ्तरी माहौल निरंकुश है। यहां कौन जवाबदेह किसकी जवाबदेही। दफ्तरों में प्रबंधन की दरकार है। ऊना या कोई अन्य अस्पताल हो, उसके प्रबंधन के लिए डाक्टर नहीं, मैनेजर चाहिए। हैल्थ मैनेजमेंट एक अलग विधा है और इसे एक कैडर के रूप में स्थापित किया जाता है। कहने को हिमाचल के हर विभाग का विस्तार छोर तक पहुंच गया है, लेकिन न इमारतों की देखभाल और न ही कर्मचारियों की पड़ताल। हैरानी होती है कि हिमाचल में सरकारी इमारतों के दरवाजे ऊंचे होते जा रहे हैं, लेकिन किसी अधिकारी को यह फुर्सत नहीं कि इन्हें साफ–सुथरा और भीतर कार्यसंस्कृति को पवित्र बना के रखा जाए। राजधानी शिमला से अगर कार्यसंस्कृति की पड़ताल हो, तो कितने ही अनावश्यक पद निकल आएंगे और कितने ही कर्मचारी–अधिकारी बाहर हो जाएंगे। आश्चर्य यह कि निगरानी होती नहीं और न ही कड़े फैसलों में सियासी सहमति होती है। ड्यूटी और दायित्व में फर्क है। पेशे और पेशेवर में फर्क है। अभी हाल ही में एचआरटीसी ने दो दर्जन वोल्वो बसें रूटों पर उतार दीं, लेकिन संदर्भ वही पुराने यानी निजी वोल्वो में यात्री और सरकारी में रुतबा बैठा नजर आता है। निजी अस्पताल में मरीजों का विश्वास, सरकारी में मरीज मजबूरी बना नजर आता है। सरकार स्कूल में ट्रांसफर ऑर्डर, प्राइवेट में बच्चों का भविष्य नजर आता है। ऊना अस्पताल की नशेड़ी नर्सों ने सरकारी व्यवस्था से ही तीखे सवाल पूछे हैं। अपने नियुक्ति पत्र–सिफारिशी ट्रांसफर से सवाल पूछे हैं। मसला यह नहीं कि इस प्रकरण को भाजपा भुनाए या कांग्रेस बचाय, बल्कि यह भी है कि राजनीति को सिर्फ कहना या विरोध में कहना आता है। मसला यह भी नहीं कि ऊना के सरकारी अस्पताल में कितनी मशीनें–कितने बिस्तर सजा दिए, बल्कि यह है कि सरकारी मशीनरी में सेवाभाव कहां है। क्या प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने कभी किसी मरीज से यह पूछा कि उसे सरकारी अस्पताल में क्या अच्छा लगा। क्या किसी कर्मठ नर्स या डाक्टर को यह पहचान दी कि उसकी कार्यदक्षता पर फख्र कितना है।



ललित शर्मा
संपादक

## आजादी का मतलब

मोनिका डागा



कविता

अपने संविधान को सम्मान व नमस्कार,
स्वदेश से प्रेम अनुराग अगाढ़ अपार,
सबको समान नागरिकता का अधिकार,
प्रसन्नचित आदर्श देश वासियों का व्यवहार,
सत्य, शांति, अहिंसा, की जय जयकार,
दुश्मनों को करारी भीषण फटकार,
मातृभूमि का मान–सम्मान रहे बरकरार,
सपनों को स्वतंत्रता का देना आकार,
देश की प्रगति में बनना सच्चा भागीदार,
एकता, क्षमा, सात्विकता, संग परोपकार,
देश की सेवा में शत प्रतिशत हिस्सेदार,
शूर वीरों की महिमा गाएं सारा संसार,
गौरवान्वित उन्नत हो हमारी सभ्यता संस्कार,
रूढ़िवादी परम्पराओं का करें बहिष्कार,
ज्ञानार्जन सफल सुरक्षित अविष्कार,
विदेशी बंधनों से मुक्ति वतन से प्यार,
विचारों की स्वतंत्रत अभिव्यक्ति हर बार,
जल थल नभ सेना में अद्भुत शक्ति आधार,
अखंडता की अक्षुण्ण जन शक्ति उपहार,
भाईचारे की प्रबल भावना ही अलंकार,
सभी के लिए शुभकामना सदाबहार,
विश्व बंधुत्व की आनंद डोर कारगार,
जय हिन्द ! जय भारत ! एकल परिवार ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत की आजादी का पर्व

## 15 अगस्त



हर साल 15 अगस्त को हम भारत की आजादी का पर्व गर्व के साथ मनाते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आजादी की तारीख 15 अगस्त ही क्यों चुनी गई? दरअसल, भारत को ब्रिटिश हुकूमत से आजादी पहले 30 जून 1948 को मिलने वाली थी, लेकिन परिस्थितियां कुछ इस तरह बदलीं कि तारीख 15 अगस्त 1947 घोषित कर दी गई। इस फैसले के पीछे केवल राजनीतिक कारण नहीं थे, बल्कि द्वितीय विश्व युद्ध, ब्रिटिश साम्राज्य की गिरती ताकत और लॉर्ड माउंटबेटन की रणनीति भी अहम भूमिका में थे।

### पाकिस्तान ने क्यों चुना 14 अगस्त?

कानूनी रूप से भारत और पाकिस्तान दोनों को 15 अगस्त 1947 को ही आजादी मिली थी। लेकिन पाकिस्तान ने 14 अगस्त को अपना स्वतंत्रता दिवस घोषित किया। इसके अलावा माउंटबेटन ने स्वतंत्रता समारोह में दोनों देशों में शामिल होने के लिए 14 अगस्त को पाकिस्तान और 15 अगस्त को भारत का दौरा किया, ताकि दोनों राष्ट्रों में उनकी उपस्थिति दर्ज हो सके।

### पूर्ण स्वराज की मांग से शुरूआत

आजादी की नींव तब पड़ी जब 1929 में लाहौर अधिवेशन के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ₹पूर्ण स्वराज₹ की घोषणा की। इससे पहले महात्मा गांधी, जिन्ना और तेज बहादुर सप्रू जैसे नेताओं ने ब्रिटिश वायसरॉय से पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की थी, लेकिन ब्रिटिश सरकार केवल डोमिनियन स्टेटस देने को तैयार थी। जिसमें भारत को सीमित स्वायत्तता तो मिलती, लेकिन वह ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा ही बना रहता। नेताओं ने इसे नकारते हुए तय किया कि 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जो परंपरा 1947 तक जारी रही।

### दूसरे विश्व युद्ध के बाद बदली ब्रिटेन की सोच

द्वितीय विश्व युद्ध (1939–1945) ने ब्रिटेन को आर्थिक रूप से कमजोर बना दिया था। युद्ध के बाद संसाधनों की भारी कमी और उपनिवेशों में उठते विद्रोहों ने ब्रिटिश सरकार को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब भारत पर शासन करना संभव नहीं रहेगा। इसी के तहत 1946 में यह फैसला लिया गया कि भारत को 30 जून 1948 तक आजाद किया जाएगा।

### माउंटबेटन प्लान और आजादी की नई तारीख

भारत में आखिरी वायसरॉय बनकर आए लॉर्ड माउंटबेटन को सत्ता हस्तांतरण की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन उन्होंने हालात को देखते हुए यह निर्णय लिया कि भारत को जल्द से जल्द आजादी दी जाए। माउंटबेटन ने 3 जून 1947 को 'माउंटबेटन प्लान' घोषित किया और 15 अगस्त 1947 की तारीख को अंतिम रूप दिया।

### 15 अगस्त की तारीख ही क्यों चुनी गई?

माउंटबेटन ने अपनी किताब में बताया कि उन्होंने 15 अगस्त की तारीख इसलिए चुनी, क्योंकि यह दूसरे विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण (15 अगस्त 1945) की वर्षगांठ थी। उस दिन जापान ने सम्राट हिरोहितो के माध्यम से युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी। इस तारीख को चुनकर माउंटबेटन ने एक प्रतीकात्मक और व्यक्तिगत महत्त्व जोड़ा, जिससे यह संदेश दिया जा सके कि सत्ता हस्तांतरण उनके नियंत्रण में था।

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






सौरभ कुमार चौहान
ग्राम लोदीपुर
मिलक नूरपुर



# थैलेसिमिया मुक्त बिजनौर अभियान

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर दिनांक 14/8/2025 को रक्त दान महा दान टीम ने थैलीसीमिया से पीड़ित लोगों के लिए नजीबाबाद में स्थित आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्र शेखर जी के प्रतिनिधि एडवोकेट फहीम अंसारी जी को एक पत्र दिया जिस पत्र में निम्न बिन्दूओं पर पट हुई जैसे कि 1.बिजनौर में थैलेसीमिया बच्चों की संख्या कितनी है 2.बिजनौर में थॅलेसेमी में बच्चों की ब्लड ग्रुप और पता मोबाइल नंबर सहित उपलब्ध कारण

जिला अस्पताल में थैलेसीमिया बच्चों को दी जाने वाली सुविधाएं क्या-क्या है कृपया उनका विस्तार से बताएं


जिला अस्पताल में एक फिल्टर वह थैलेसीमिया वाले बच्चों के लिए दवाइयां उपलब्ध होती है या नहीं5.जिला अस्पताल में थैलेसीमिया बच्चों के लिए अलग से वार्ड की सुविधा उपलब्ध है या नहीं

जिला अस्पताल में अगर कोई रक्त उपलब्ध नहीं है तो उन्हें प्राइवेट ब्लड बैंक से लेकर चलाया जा सकता है नहीं थैलेसीमिया वाले बच्चों का विकलांग कार्ड 100 बनाना चाहिए

तथा और कई मुद्दो पर बात हुई उन्होंने हमे भरोसा दिलाया है कि वो जल्द ही इस मुद्दे पर सीएमओ बिजनौर से बात कर कर हल कराएंगे ताकि हमारे जिला बिजनौर से इस बीमारी को खत्म किया जा सकेगा तर बीमार लोगों को मदद मिलेगी।






















# सिटी मजिस्ट्रेट के दफ्तर में हनुमान जी की प्रतिमा देखकर भड़के भीम आर्मी पदाधिकारी, जमकर की नारेबाजी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के कार्यालय में हनुमान जी की प्रतिमा लगी देखकर भीम आर्मी के पदाधिकारी भड़क गए। उनका कहना था कि यहां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी की प्रतिमा होनी चाहिए, न कि किसी धार्मिक प्रतिमा की स्थापना। विरोध जताने पर सिटी मजिस्ट्रेट ने कथित तौर पर कहा कि मेरी जिसमें आस्था है, मैं उसी की प्रतिमा लगाऊंगा।₹ इस बयान के बाद माहौल गरमा गया और भीम आर्मी पदाधिकारियों ने कार्यालय के भीतर ही जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे की सूचना मिलते ही सीओ प्रथम आशुतोष शिवम फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद के 18 अगस्त को बरेली दौरे के लिए अनुमति लेने पदाधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट के पास पहुंचे थे, तभी यह विवाद खड़ा हो गया।






































सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
हाजी वसी अहमद खान
मैनेजिंग डायरेक्टर
द शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा
संतकबीरनगर


रक्षाबंधन
एवं
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ. शाहरुख अहमद सिद्दीकी
M.D. लाईफ लाईन हॉस्पिटल एण्ड अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर


सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
अमित कुमार चौधरी
ग्राम प्रधान ग्राम पंचाय
मुसरद
ब्लाक सेमरियावा संतकबीरनगर


सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
मुहम्मद तय्यब
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत दानूकुइयां
ब्लाक सेमरियावा संतकबीरनगर


ew text
सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
बबलू खान भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत दुधारा
ब्लाक सेमरियावा
जनपद संतकबीरनगर


अब्दुल हकीम अब्दुल कलाम प्रोग्रेसिव इण्टर कालेज
व एम. आइडियल पब्लिक स्कूल
महुआरी सन्त कबीर नगर की तरफ से
आप सभी सम्मानित देशवासियों को
स्वतन्त्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकानाएं
15 AUGUST
प्रबन्धक
मो. शफीक
प्रबन्ध/निदेशक
सलमान अहमद



सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
फिरोज अहमद प्रधानाचार्य
किसान इंटर कॉलेज
पचपोखरी संतकबीरनगर


सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा
और हम इसकी शान हैं।
15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
समस्त भारतवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं!
मुहम्मद अहमद खान डायरेक्टर
द मॉडर्न पब्लिक स्कूल
दुधारा संतकबीरनगर


AL-HIDAYAH
GROUP OF PUBLIC SCHOOLS
HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
NISAR AHMAD
(Manager)
अपनी आज़ादी को हम हरगिज़ मिटा सकते नहीं
सर कटा सकते है लेकिन सर झुका सकते नहीं
WEBSITE: al-hidayahpublicschool.in
CONTACT: +91 98384 340 44


नूरुल करीम मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज
बढ़या माफी, सेमरियावाँ-संत कबीर नगर
की तरफ से
समस्त सम्मानित जनता को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनायें।
15 August
प्रबंधक:
मुनीरुल हसन चौधरी
पुर्व सदस्य दूर संचार सलाहकार (भारत सरकार)
8874136571, 8052537930
प्रधानाचार्य:
डी. के. श्रीवास्तव
एम.ए.बी.एड
9919386386
संरक्षक
रिजवान मुनीर
(एडवोकेट)
9918141424
सह- प्रबंधक:
एजाज मुनीर
एम.ए.बी.एड
9118895428


माही हैल्थ केयर
सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाता है।
» स्त्री एवं प्रसूति रोग
» नॉर्मल डिलीवरी की सुविधा
» नैबुलाईजर की सुविधा
» कटे-फटे का इलाज
» कम्प्यूटराईज्ड पेथोलॉजी की सुविधा
» 24 घण्टे एमरजेन्सी की सुविधा
» ऑक्सीजन की सुविधा
» नजला, खाँसी, बुखार, टाईफाइड
» मलेरिया, डेंगू, फ्लू, गठियाँ
» पेशाब मे जलन
» औरतो की सभी बीमारियों का इलाज किया जाता है।
24 HOURS Emergency Service
मौअज्जमपुर रोड, जुमा मार्किट, हुसैनपुर, किरतपुर जिला बिजनौर Mob. 80063 71800


Happy Independence Day!
सीबीगंज इंटर कॉलेज परिवार की तरफ से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भानु प्रताप सिंह
प्रधानाचार्य


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आन देश की शान देश की, देश की हम संतान है,
तीन रंगों से रंगा तिरंगा, अपनी ये पहचान है।
समाजसेवी
सचिन
जायसवाल
रश्मि जायसवाल
नगर पालिका अध्यक्ष
बहेड़ी, बरेली।


सभी देशवासियों को रिजवान हुसैन कादरी इंटर कॉलेज की तरफ से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रिजवान हुसैन कादरी ( प्रबंधक)
पता- बन्डिया सीबीगंज बरेली।


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रविन्द्र अवस्थी
ग्राम प्रधान
प्रतिनिधि ढेकवा माफी
सिरौलीगौसपुर बाराबंकी


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th Independence Day
संस्थापक
देवानंद मिश्रा
श्री मृत्युंजय मिश्र स्मारक शिक्षा सदन पूरे भवन सूर्यपुर बनीकोडर बाराबंकी


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजू
फोटो स्टूडियो
असन्द्रा बाजार, बाराबंकी
मो-8858546049


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप तिवारी
संवाददाता मिजार्मुराद
15th Independence Day


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15th Independence Day
सनत कुमार
तिवारी (पम्मी)
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत
मवैय्या, बनीकोडर बाराबंकी


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15TH AUGUST INDEPENDENCE DAY
फैज अहमद
प्रोपराइटर इंडियन गैस सर्विस
सैदनपुर बाराबंकी


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थापक
जगदीश शुक्ला
सौरभ शिक्षा सदन हाई स्कूल
देवीगंज ,बनीकोडर बाराबंकी


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
15TH AUGUST INDEPENDENCE DAY
कमल किशोर यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भवानियापुर,ब्लॉक
बनीकोडर बाराबंकी

# हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत भव्य तिरंगा बाइक रैली का हुआ आयोजन

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**



**मथुरा** 14 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन हुआ। तिरंगा बाइक रैली का शुभारंभ माननीय महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा किया गया। बाइक तिरंगा रैली कार्यालय नगर निगम मथुरा वृंदावन भूतेश्वर जोन से डीग गेट चौकी, डीग गेट चौकी से होली गेट तथा होली गेट से टैंक चौराहा तक निकाली गई। तिरंगा रैली में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, नगर निगम से माननीय पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य एवं भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा ₹हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता₹ अभियान के तहत भव्य, विशाल एवं वृहद तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया, उक्त रैली में बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली में देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश गूंजा। उत्साह एवं उमंग के साथ निकाली गई बाइक तिरंगा रैली। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय पहचान, बलिदान और एकता का प्रतीक है। आज जब पूरा नगर तिरंगे के रंगों में सराबोर है, यह हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है—अपने नगर, अपने पर्यावरण और अपने देश को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित रखना। स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों का काम नहीं, यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जैसे हम अपने घर को साफ रखते हैं, वैसे ही अपने शहर को भी साफ रखना हमारा दायित्व है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का अवसर केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के लिए संकल्प लेने का दिन है। स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी हमारी आदत बननी चाहिए। हमें गर्व है कि मथुरा-वृंदावन देशभक्ति और स्वच्छता दोनों में अग्रणी है। इस रैली का संदेश श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दौरान सभी नगरवासियों तक पहुंचेगा, जिससे पूरा शहर स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक रहेगा। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से आवाह्न किया कि तिरंगा के साथ सेल्फी लेते हुए वेबसाइट ६६६.ँ१ँ१३१ंल्लँ.ङ्म पर अपलोड करे। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान 2025 को सफल बनाने हेतु सभी जनपदवासियों को अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाने का अनुरोध किया। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने कहा तिरंगा बाइक रैली का उद्देश्य न केवल देशप्रेम की भावना जगाना है, बल्कि नगरवासियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना भी है।


# इंडियन ऑयल चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी आए मथुरा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** इंडियन ऑयल के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी मंगलवार के दिन मथुरा आए, यहां उन्होंने देशभर के अलग-अलग प्रांतों से इंडियन ऑयल कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से विशेष मीटिंग की। बताया जा रहा है कि देशभर के अलग-अलग प्रांतों से इंडियन ऑयल कर्मचारी संघ के दो-दो पदाधिकारी इस विशेष मीटिंग में शामिल हुए थे। मीटिंग का आयोजन ऑफिसर्स क्लब में किया गया। चेयरमैन के मथुरा आगमन को लेकर रिफाइनरी प्रबंधन के हाथ-पैर फूल गए, आनन-फानन में रिफाइनरी प्रबंधन ने रिफाइनरी नगर की सड़कों का मरम्मत कार्य व पार्कों में देर रात्रि तक सफाई कार्य कराया। इंडियन ऑयल चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी के साथ हुई इंडियन ऑयल कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की मुलाकात बहुत ही गुप्त रखी गई, देर रात्रि में चेयरमैन के मथुरा आगमन के बैनर लगाए गए लेकिन उन्हें भी चेयरमैन के आगमन से पहले सुबह हटा दिया गया। जिससे लोग काफी असमंजस में रहे। इंडियन ऑयल चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी के साथ हुई इंडियन ऑयल कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की वार्ता में सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि इंडियन ऑयल के सभी कर्मचारियों को अधिकारी बनाने की कॉरपोरेशन द्वारा की जा रही हैं। जिसे लेकर चेयरमैन ने नौ रिफाइनरी यूनियन, हेडक्वार्टर व कलकत्ता की यूनियन सहित अलग-अलग प्रांतों की ग्यारह यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की है। वार्ता में कर्मकारियों को अधिकारी बनाने के लिए नया ग्रेड बनाया जा रहा है। नए ग्रेड में सभी कर्मचारी-अधिकारी बन जाएंगे। चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी द्वारा दिए गए इस सुझाव-प्रस्ताव को देशभर के अलग-अलग प्रांतों से आए कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मजदूर विरोधी सुझाव बताते हुए एकतरफा ठुकरा दिया है। जबकि चेयरमैन द्वारा एक-एक व्यक्ति से व्यक्तिगत स्तर पर सुझाव लिया गया था, लेकिन हर व्यक्ति ने चेयरमैन ए.एस. के इस सुझाव को मजदूरों के अधिकारों का हनन करने वाला मजदूर विरोधी सुझाव कहकर एकतरफा ठुकरा दिया।

# आबकारी नियमों बना रखा है खेलः बढ़ रही अवैध शराब बिक्री




**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आबकारी नियमों की अवहेलना खुलेआम हो रही है। भूसा मंडी, ऐशबाग, में अवैध रूप से शराब बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। सरकारी देसी शराब ठेके से प्रातः 10:00 बजे से पहले ठेके के अंदर शराब पिलाई जा रही है और रात्रि 10:00 बजे के बाद शराब की बिक्री चोरी-छिपे जारी है, जो कि सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश आबकारी नियमावली का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश आबकारी नियमों के अनुसार शराब की बिक्री केवल निर्धारित समयावधि के भीतर ही की जा सकती है। लेकिन कई क्षेत्रों में सुबह 5:00 बजे से ही शराब बिक्री शुरू हो जाती है और देर रात तक यह सिलसिला जारी रहता है। आबकारी विभाग द्वारा चेतावनी भी दी गई फिर भी अवैध रूप से शराब बिकनी रुक नहीं रही है। इन घटनाओं से क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे देश भक्ति के गीत, लोगों ने की पुष्प वर्षा



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर तिरंगा अभियान में एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। वृहस्पतिवार को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और स्वयं भी यात्रा में शामिल रहीं। यात्रा में भारत माता के जयकारे उत्साहित करते रहे। जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की। यात्रा तहसील कार्यालय से शुरू होकर जमानवता चौराहा, ब्लाक कार्यालय, बस स्टैंड, राधाकुंड होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। एसडीएम ने कहाकि तिरंगा हमारे देश की पहचान है। प्रत्येक नागरिक को देश हित में कार्य करना चाहिए। यात्रा का उत्साह वर्धन करने के लिए वे स्वयं स्कूटी चलाकर यात्रा का हिस्सा बनीं। इस अवसर पर तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सीपी सिंह, मीनू राजपूत, व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश पहलवान, श्याम बिहारी तरकर, साधुराम, बलवीर सिंह, पवन कुमार, रामनिवास, रामबाबू सैनी, राजवीर सिंह, कन्हैया कुमार, गोपाल सिंह, नरेश कुमार, विष्णु सैनी सहित समस्त एडवोकेट व तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

# ई-ऑफिस में कोताही बरतने पर 23 अफसरों पर गिरी गाज

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** शासन के सख्त आदेशों के बाद भी ई-ऑफिस संचालन में लापरवाही बरतने वाले 23 अफसरों पर आखिरकार शिकंजा कस गया। लगातार चेतावनी और समयसीमा के बावजूद तीन-तीन महीने तक ई-ऑफिस में लॉगिन तक न करने वाले इन अफसरों का अगस्त माह का वेतन रोक दिया गया है। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने अप्रैल 2025 के बाद से मंडल के सभी सरकारी कामकाज, पत्रावलियों के निस्तारण और पत्राचार को ई-ऑफिस के माध्यम से अनिवार्य किया था। मामले को गंभीर मानते हुए मंडलायुक्त ने अगस्त का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए और साफ कहा कि ई-ऑफिस व्यवस्था को ठप करने वालों पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई होगी। यह प्रणाली पारदर्शिता और समयबद्धता के लिए अनिवार्य है, इसलिए आदेश की अवहेलना पर किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्रवाई की चपेट में आए अधिकारियों में उप निदेशक सिंचाई एवं जल संसाधन (शारदा कमांड), उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा), क्षेत्रीय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, संयुक्त आयुक्त (उद्योग), सीनियर हाइड्रोलॉजिस्ट भू-गर्भ जल विभाग, मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र, अधीक्षण अभियंता जल निगम (नगरीय) बरेली वृत्त, सहायक निदेशक सेवायोजन, मंडलीय कमांडेंट (होमगार्ड), अधीक्षण अभियंता भू-गर्भ जल विभाग, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई, क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक, उप निदेशक (विद्युत/यांत्रिक) मंडी परिषद, अधीक्षण अभियंता सिंचाई बाढ़ कार्य, अधीक्षण अभियंता सिंचाई पंचम मंडल, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), क्षेत्रीय खेल अधिकारी, उप निदेशक (पर्यटन), संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त रजिस्ट्रार सहकारिता, मंडलीय लेखा परीक्षण यूनिट, संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान और उप निदेशक (निर्माण) मंडी परिषद शामिल हैं।

# 15 अगस्त पर सपा नेता रेहान खान ने इमामों और मदरसा छात्रों को कराया भोज, दी धनराशि



**मोहम्मद असलम**

लखीमपुर खीरी आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पलिया विधानसभा में 15 अगस्त के मौके पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रेहान खान ने अपने आवास पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर पलिया विधानसभा क्षेत्र की सभी मस्जिदों के पेश इमाम, जिनमें मौलाना कारी खालिद साहब, कारी जाकिर साहब, शेर अफगान सहित अन्य शामिल रहे, और दर्जनों मदरसों के सैकड़ों बच्चों ने शिरकत की। रेहान खान ने सभी मेहमानों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया और बच्चों को लिफाफों में बंद धनराशि भेंट की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देश-विदेश के नागरिकों की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएँ कीं। इस मौके पर रेहान खान ने कहा कि समाजवादी सरकार में रहते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जवानों और नौजवानों ही नहीं, बल्कि हर उम्र के लोगों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए – जिनमें डायल 100 की शुरूआत, नए अस्पतालों का निर्माण और सड़कों का जाल बिछाना शामिल है। उन्होंने सभी से अपील की कि 2027 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के लिए दुआ करें, ताकि विकास का यह सिलसिला जारी रहे।

# झांसी में तालाब में डूबने से वृद्ध किसान की मौत, गांव में छाया मातम

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** गुरसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम भस्नेह में बीती देर शाम एक दर्दनाक हादसे में 70 वर्षीय वृद्ध किसान की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरदयाल पुत्र [पिता का नाम उपलब्ध नहीं] के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के बेटे राजू ने बताया कि बुधवार शाम को उनके पिता खेत की रखवाली के लिए घर से निकले थे, लेकिन रातभर घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की। आधी रात के बाद तालाब के किनारे पिता के कपड़े, चप्पल और खड़ी मोटरसाइकिल मिली, लेकिन उनका पता नहीं चला। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में शव उतराता देखा तो तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजू ने आशंका जताई कि संभवतः उनके पिता शौच के लिए तालाब किनारे गए होंगे और पैर फिसलने से पानी में गिर गए, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। गांव के लोगों ने बताया कि हरदयाल मेहनती और सरल स्वभाव के किसान थे, जिनकी अचानक मौत से पूरा गांव स्तब्ध है। पुलिस ने घटना को हादसा मानते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ऐतिहासिक विशाल बाईक तिरंगा यात्रा रैली का हुआ भव्य स्वागत

**वेलकम इंडिया**




**गुरसरांय(झांसी)**- हर घर तिरंगा यात्रा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा गरौठा विधानसभा में मोठ से शुभारंभ किया गया। ऐतिहासिक विशाल बाईक रैली का नेतृत्व गरौठा विधायक पुत्र राहुल राजपूत ने किया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी राहुल राजपूत रहे। यह यात्रा मोठ से प्रारंभ हुई और इसका समापन गरौठा में किया गया यह यात्रा मोठ, समथर, पूँछ, एरच से गुरसराय पहुंची जहाँ गुरसराय में मोदी चौराहे पर युवा समाजसेवी मोहनीश अग्रवाल द्वारा बुलडोजर से पुष्प वर्षा की गई एवं विधायक पुत्र राहुल राजपूत को पगड़ी माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र के हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकताओं का जनसैलाब उपस्थित रहा। बाइक पर सवार कार्यकताओं द्वारा भारत माता की जय के नारों के साथ अमर शहीदों को याद किया गया। बाइक रैली में सम्मिलित सभी पार्टी कार्यकताओं व जन समुदाय को राहुल राजपूत द्वारा संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने उभरते हुए नए भारत की सशक्तिकरण पर देश की रक्षा नीतियों को सराहा। रैली का समापन गरौठा पटेल गार्डन में पार्टी कार्यकताओं का जलपान एवं स्वागत किया गया।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। यह पर्व भाद पक्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ निर्देशक विनय रुहेला व प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ नीरू जोशी ने दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस अवसर पर बालगोपाल का मंचन, कृष्ण के माखन चोर की अदाकारी मटकी फोड़ना आदि कलाकृतियाँ छात्र एवं छात्राओं ने बड़े उल्लास व उत्साह के साथ प्रदर्शन किया। छोटे–2 बच्चों ने बांसुरी बजाते हुए अपनी कला का प्रदर्शन किया जन्माष्टमी के पर्व को न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशो में रहने वाले भारतीय भी पूरे उल्लास से मनाते हैं। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन संजय जैन भी उपस्थित रहे। निर्देशक विनय रुहेला, प्रधानाचार्या डॉ नीरू जोशी व सभी शिक्षकगण ने बच्चों के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एमिटी विश्वविद्यालय जयपुर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत डॉ. डी. पी. शर्मा का प्रेरक संबोधन

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर।** एमिटी यूनिवर्सिटी जयपुर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रसिद्ध डिजिटल डिप्लोमैट एवं वैज्ञानिक डॉ. डी. पी. शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएँ और राष्ट्रीय गौरव का अनुभव करें। डॉ. शर्मा ने कहा, ्रतिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बलिदानों और एकता का प्रतीक है। इसे फहराना हर भारतीय के लिए गर्व की बात है ्र कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज कुमार, एनएसएस कोऑर्डिनेटर, के नेतृत्व में हुआ। डॉ. पल्लवी मिश्रा, प्रोग्राम ऑफिसर, और डॉ. प्रज्ञा शर्मा के साथ एनएसएस वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विश्वविद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। एमिटी के विद्यार्थियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि इस स्वतंत्रता दिवस पर वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएँगे और राष्ट्र के गौरव में योगदान देंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रोफेसरों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व से अवगत कराया और उन्हें देश की प्रगति में सक्रिय भागीदार बनने का आह्वान किया।

# ठगी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया**

आधार कार्ड में फर्जी पते बदलवाकर बैंक खाते खुलवाकर लोगो से ठगी करने वाला शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 पेन कार्ड, अलग अलग पते के 02 आधार कार्ड, 01 वोटर कार्ड, 01 बैंक पासबुक, 01 चेक बुक, 01 ड्राईविग लाइसेन्स व 02 मोबाइल फोन बरामद। बुलंदशहर दीपचंद पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम शेरपुर थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर (रिटायर्ड निरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस) ने साइबर थाने पर तहरीर दी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके एसबीआई बैंक खाते को थर्ड पार्टी एड कर दिनांक 28-10-2024 को 2 लाख 95 हजार रुपये आरटीजीएस के माध्यम से उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक में ट्रासफर कर लिये है जबकि उनके द्वारा कोई भी इंटरनेट बैंकिग की सुविधा नही ली गयी थी। इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाने पर मुअसं 54/2024 धारा-318(4) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया है।

# एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 28वां इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारम्भ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में ईस्वरी ऑडिटोरियम में 28वां इंडक्शन प्रोग्राम बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आरंभ हुआ। यह आयोजन संस्थापक चांसलर डॉ. टी.आर. पारिवेंद्र, माननीय प्रो-चांसलर (प्रशासन) डॉ. रवि पचमुथु तथा माननीय प्रो-चांसलर (अकादमिक) डॉ. पी. सत्यनारायण के मार्गदर्शन से 13- 20 अगस्त 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन, एसआरएम आईएसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाज़ियाबाद ने दिया। इसके बाद ह्लबिल्डिंग कैरियर्स एट एसआरएमह्व विषय पर डॉ. एन. वेंकटा सास्त्री, निदेशक झ्र करियर सेंटर, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने अपने विचार साझा किए। अध्यक्षीय संबोधन प्रो. सी. मुथमिझचेलवन, वाइस चांसलर, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि अशुतोष अंशु, बोर्ड डायरेक्टर एवं मुख्य मानव संसाधन अधिकारी, हिताची इंडिया प्रा. लि., ने अपने प्रेरक संबोधन से विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए ज्ञान, अनुशासन और सकारात्मक सोच अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, और उन्होंने छात्रों को अपने सपनों को साकार करने के लिए निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे डॉ. एस. विश्वनाथन, निदेशक, एसआरएम आईएसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाज़ियाबाद ने प्रस्तुत किया। इसके बाद राष्ट्रीय गान हुआ। पूरे ऑडिटोरियम में उत्साह, उमंग और नई शुरूआत का जोश महसूस किया जा सकता था। इस कार्यक्रम को एसआरएमआईएसटी दिल्ली-एनसीआर के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन झ्र विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन झ्र आईक्यूएसी) तथा डॉ. गीता भवानी (डीन झ्र अनुसंधान) के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।सभी विभागों के विभागाध्यक्ष ,प्राध्यापकगण, इवेंट मैनेजमेंट के सदस्यों , स्टाफ सदस्य और नवप्रवेशी छात्र-छात्राएँ और माता-पिता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।जिससे कार्यक्रम का वातावरण और भी जीवंत हो गया। यह दिन न केवल एक औपचारिक शुरूआत थी, बल्कि उन युवा चेहरों के लिए एक नए सफर की प्रेरणादायक पहली सीढ़ी भी बन गया।

# डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल (टेक्सटाइल शाखा) स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ.के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल टैक्सटाइल शाखा में देशभक्ति और जन्माष्टमी के रंगों से मिले-जुले समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा , डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल फाउंडेशन के डायरेक्टर श्री शिशिर रस्तोगी, फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक दीपांकर शर्मा, सभी विभागों के अध्यक्ष, टेक्सटाइल शाखा की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना व कोऑर्डिनेटर श्रीमती आकांक्षा शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश एवं संस्कृति से जुड़े तथ्यों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान का भाव जागृत करना था। इस दिन संपूर्ण विद्यालय परिसर उल्लास, भक्ति और रचनात्मकता से भर गया जब छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दिवस के आरंभ में प्री-नर्सरी और नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपनी मासूम अदाओं से सबका दिल जीत लिया,जूनियर के.जी. और सीनियर के.जी. के छात्रों ने छोटे-छोटे देशभक्त बनकर देशप्रेम की मिसाल पेश की,कक्षा 1 और 2 के छात्रों ने जन्माष्टमी विषय पर फैंसी ड्रेस के माध्यम से बाल गोपाल का रूप धारण कर संपूर्ण मंच को आनंदित और भक्तिमय कर दिया।कक्षा 3 से 5 के छात्रों ने अंतर-गृह स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता और देशप्रेम का परिचय दिया,साथ ही कक्षा 6 और 7 के बच्चों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी कल्पनाओं में देशभक्ति के रंग भरे।

# एक बालिका पहलवान एवं दो बालक पहलवान को मंडलीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** कस्बा फरीदनगर स्थित आदर्श जनता इंटर कॉलेज के एक बालिका पहलवान एवं दो बालक पहलवान का बागपत में होने वाली मंडलीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। गाजियाबाद में हुई ।विधालीय जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी और गाजियाबाद क्षेत्र के अनेक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रेम चौधरी ने बताया कि प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और आशा व्यक्त कि हमारे पहलवान मंडल स्तर पर जीत कर स्टेट लेवल पर जिले और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# दिनेश कुमार गोयल द्वारा उपनगरीय बसों, ग्रीन व्यू सोसाइटी के निवासियों की सुरक्षा की आवाज उठायी

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद । (अनिल वशिष्ठ)।** दिनेश कुमार गोयल द्वारा विधान परिषद के मानसून सत्र के दौरान उपनगरीय बसों, ग्रीन व्यू सोसाइटी के निवासियों की सुरक्षा व राज्य अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा टर्म लोन योजना में हुई बदरवाट के सम्बन्ध में आवाज उठायी। विधान परिषद के मानूसन सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा जनपद-गाजियाबाद के सेक्टर-17 स्थित ग्रीन व्यू सोसाइटी में 450 फ्लैट है जिनमें 440 परिवार रहते हैं। यह सोसाइटी आवास विकास परिषद् द्वारा निर्मित है। 99 वर्ष की लीज पर अध्यासियों को फ्लैट दिये गये थे परन्तु 27 वर्ष बाद ही फ्लैट जर्जर हो गये है और लोहे की बनी सीढ़ी भी टूट गयी है। आवास विकास परिषद और आर.डब्ल्यू के अधिकारी एक दूसरे पर अनुरक्षण की जिम्मेदारी सौप रहे है। जिससे सोसाइटी में रह रहे अध्यासियों में काफी रोष व्याप्त है। इसलिए उपरोक्त सोसाइटी के निवासियों की सुरक्षा हेतु सोसाइटी के अनुरक्षण की जिम्मेदारी निर्धारित कराने हेतु सरकार से आवश्यक कार्यवाही की मांग की। गाजियाबाद, मुरादाबाद, सहारनपुर, बिजनौर, बरेली, मेरठ, कानपुर, बहराइ बाराबंकी, बालरामपुर, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर, कानपुर, आजमगढ़, मऊ जैसे अनेक जनप में इस तरह की जानकारियों आयी हैं कि टर्म लोन योजना के तहत दिये गये ऋण वापसी का संकट उत्पन्न हो गया है। पूरी की पूरी यह योजना राजनीतिक हस्तक्षेप अधिकारियों की लापरवाही की भेट चढ़ गई और अब स्थिति यह बन गयी है कि शासक धन के वापसी पर संकट उत्पन्न हो गया है। अकेले आजमगढ़ का ही उदारहण लें इस योजना के तहत लगभग 495 लोगों को ऋण दिया गया, किन्तु वर्तमान स्थित यत्र कि इनमें से 200 कर्जदारों को दिया गया नोटिस वापस आने की जानकारी आयी है। इसलिए इस अल्पसंख्यक कल्याण के पर ऋण की हुई बंदर बॉट के वापसी पर आये संकट के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की।साथ ही उत्तर प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार जहाँ दूर दराज के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने हेतु परिवहन निगम की बस सेवा उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में वर्ष 2020 में प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रतिदिन शाम को उपनगरीय बसों की सेवा चारबाग से अचलगंज-सिकन्दरपुर-बीघापुर होते हुए बीघापुर तहसील मुख्यालय पाटन- तकिया तक उन्नाव होते हुए होती थी। अगले दिन प्रातः इसी मार्ग से यह बस वापस चारबाग आती थी। इस बस के संचालन से जहाँ क्षेत्र के लोगों को प्रदेश की राजधानी लखनऊ आने में सुविधा प्राप्त हो गई वहीं दूसरी ओर विभिन्न सरकारी कार्यालयों में सेवारत कार्मिकों को भी अपने-अपने ऑफिस समय से पहुँचने की सुविधा मिल गई। उपनगरीय प्रबन्धन लगातार इस बस के संचालन में अवरोध पैदा करते हुए दूर मार्गों पर भेजता रहा जब इसकी शिकायत आई०जी०आर०एस० या दूसरे माध्यमों से होती थी तब पुनः बस का संचालन स्वीकृत मार्ग पर कर दिया जाता था। विगत दो माह से इस बस का संचालन स्वीकृत मार्ग पर ना कराकर दूसरे मार्ग पर कर दिया गया है। जिस कारण स्वीकृत मार्ग के लोगों को लखनऊ आने और वापस जाने में असुविधा हो गई है। क्षेत्रीय जनता उपनगरीय प्रबन्धन के इस अलोकतांत्रिक निर्णय से आक्रोशित हैं। इसलिए उपनगरीय बस के स्वीकृत मार्ग पर पुनः संचालन हेतु सरकार से मांग की।



# नींव द स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नींव द स्कूल में ७९ वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ संस्थान के प्रबंधक अमित अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी नृत्य ,गायन एवं वादन कला का अद्भुत एवं आनंदमय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डायरेक्टर जनरल डॉ अपर्णा शर्मा वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा एवं समस्त शिक्षक गण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक श्री अमित अग्रवाल जी ने सभी उपस्थित गण को संबोधित करते हुए ७९वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं सभी से अनुरोध किया कि सभी नागरिक देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियां पूर्ण भाव से निभाएं।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर साइकिल तिरंगा रैली का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डा के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में ह्लविभाजन विभीषिका स्मृति दिवसह्व के अवसर पर विद्यालय के छात्रों एवं एन सी सी कैडेट को आजादी के समय हुए देश के विभाजन के उपरांत लाखों लोगों की जीवन की कुर्बानियां तथा देश को दो टुकड़ों में बट जाने के दर्द जो लाखों परिवारों का जख्म बन लोगों को झकझोर देने वाली घटना विभाजन विभीषिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आजादी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत शासन के निर्देशों के क्रम में 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन एवं लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ व कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर के नेतृत्व में काकोरी एक्शन की सौवीं वर्षगांठ एवं स्वतंत्रता दिवस मनाने के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा साईकिल रैली निकालकर लोगों को देश के गौरव तिरंगे की आन, बान और शान के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित करने का काम किया गया।

# इनर व्हील क्लब द्वारा इंस्टॉलेशन का प्रोग्राम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** इनर व्हील क्लब मोदीनगर स्मार्ट द्वारा स्पाइस गार्डन स्थित रेस्टोरेंट में क्लब इंस्टॉलेशन का प्रोग्राम संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन चार्टर प्रेसिडेंट रेनू मित्तल द्वारा किया गया।अतिथि डॉक्टर कविता शर्मा व टीम द्वारा दीप प्राजूलन कर कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया गया। प्रेसिडेंट नीता माहेश्वरी को सेक्रेटरी रेनू गुप्ता ने कॉलर पहनाया। इसके उपरांत वाइस प्रेसिडेंट, पारुल गोयल सेक्रेटरी, ट्रेजर राधिका महेश्वरी, पारुल मोदी एवं एडिटर प्रमिला को पिन लगाया गया।अतिथि द्वारा क्लब क्वीन को ताज पहन कर सम्मानित किया जिसमें कोमल प्रथम व मोना अग्रवाल रन अप रही आज ही तिरंगा डिश और कान्हा झूला की सजावट का कंपटीशन भी रखा। तिरंगा डिश में श्रीमती शिखा तायल प्रथम एवं राधिका माहेश्वरी द्वितीय रही। दर्शन नौटियाल मुदिता रुचि त्यागी आदि द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी गई कान्हा झूला में शिखा तायल प्रथम एवं रितु अग्रवाल द्वितीय रही। विजेताओं को ट्रॉफी दी गई।



# जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में गुरुवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने नियमित जनसुनवाई में जनता की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिलाधिकारी ने सभी फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का पूर्ण और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। यह जिलाधिकारी की जनता के प्रति प्रतिबद्धता और समस्या-निवारण की प्रभावी कार्यशैली का परिणाम है। जनसुनवाई के बीच दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और अपने हाथों से बनाए गए रंग-बिरंगे ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। बच्चों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण पहचान बनाएं और योगदान दें। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे जितने मजबूत होंगे, देश उतना ही सशक्त बनेगा। आज के बच्चे ही कल देश का भविष्य हैं। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय और एसडीएम लोनी राजेन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और हर नागरिक से देशहित में सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गाजियाबाद में चित्र प्रदर्शनी और गोष्ठी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन और ङ्गरसिविल डिफेंस के संयुक्त तत्वावधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस (14 अगस्त) के अवसर पर गुरुवार को कविनगर रामलीला मैदान स्थित रामलीला मंच पर विभाजन विभीषिका की चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल (आईएएस) ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में स्वतंत्रता के समय हुए धर्म आधारित विभाजन और उसके चलते लाखों लोगों के विस्थापन की पीड़ा को दशार्या गया। साथ ही, दो टीवी स्क्रीन पर चलाए गए डॉक्यूमेंट्री वीडियो ने उस समय की त्रासदी को आंखों के सामने सजीव कर दिया। उपस्थित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को उस दौर की कठिनाइयों, संघर्ष और बलिदानों की विस्तार से जानकारी दी गई। रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में आयोजित गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश साधना, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार एस.पी. सिंह, पंजाबी एकता सभा अध्यक्ष रमन मिगलानी, पंजाबी सभा अध्यक्ष व अखिल मुल्तानी कल्याण सेवा समिति के मुख्य ट्रस्टी हरमीत बख्शी, विनय कक्कड़ और उपेंद्र गोयल ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि आजादी की कीमत हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों के बलिदानों से चुकाई गई। उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर आने वाली पीढियों को स्वतंत्रता का उपहार दिया। उन्होंने याद दिलाया कि विभाजन विभीषिका ने लाखों परिवारों को खून के आंसू रुलाए। उस समय का दर्द, पीड़ा और विस्थापन की त्रासदी को शब्दों में पूरी तरह व्यक्त करना संभव नहीं। अपनी शिक्षा, कार्य और व्यवसाय के माध्यम से देश को उन्नति की राह पर ले जाएं और सदैव देश सेवा के लिए तत्पर रहें।

# वार्ड 72 में तिरंगा वितरण अभियान से गूंजा देशभक्ति का जज्बा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** घर-घर तिरंगा अभियान के तहत वार्ड 72 कौशांबी-वैशाली क्षेत्र में गुरुवार को पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में तिरंगा वितरण अभियान जोर-शोर से जारी है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लोगों को राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर देशभक्ति का संदेश दिया गया। इस अभियान के अंतर्गत जयपुरिया एनक्लेव सेक्टर-1, कामना वैशाली और एक्सप्रेस ग्रीन टावर में तिरंगे बांटे गए। इस अवसर पर जयपुरिया एनक्लेव से अध्यक्ष के.एल. सचदेवा, महामंत्री शोभा रानी बरनवाल, उपाध्यक्ष रेनू मल्होत्रा, समाजसेवी एस.आर. सिंह, अजय गुप्ता, एक्सप्रेस ग्रीन टावर के अध्यक्ष अरुण सिंह, अनुज राठी, भाजपा नेत्री विमल भट्ट, पिंकी, विमला चौधरी, राहुल, और राजीव पाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने कहा कि तिरंगा हमारे गौरव, एकता और बलिदान का प्रतीक है।

# जिला प्रशासन और सिविल डिफेंस द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन विभीषिका की चित्र प्रदर्शनी व गोष्ठी आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन और सिविल डिफेंस गाजियाबाद द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त के अवसर पर राम लीला मंच, राम लीला मैदान कविनगर, गाजियाबाद पर एक विभाजन विभीषिका की चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि श्री अभिनव गोपाल आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों को भारत के स्वतंत्रता के समय हुए धर्म के आधार पर हुए विभाजन और विस्थापित हुए आम नागरिकों की कठिनाइयों और संघर्ष के बारे में भी बताया तथा इस अवसर पर प्रदर्शनी में 02 टीवी पर वीडियो फिल्म से भी विभाजन के समय की त्रासदी को दिखाया गया। इसके साथ ही कविनगर रामलीला मैदान के जानकी सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें श्री अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, वरिष्ठ समाजसेवी श्री जगदीश साधना, सरदार एस.पी.सिंह सदस्य पूर्व अल्प संख्यक आयोग उत्तर प्रदेश, श्री रमन मिगलानी अध्यक्ष पंजाबी एकता सभा, श्री हरमीत बख्शी अध्यक्ष पंजाबी सभा मुख्य ट्रस्टी अखिल मुल्तानी कल्याण सेवा समिति, श्री विनय कक्कड़, उपेंद्र गोयल ने अपने–अपने विचार सभागार में उपस्थित नागरिकों और विद्यार्थियों के सम्मुख रखे। वक्ताओं ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों ने अपने-अपने परिवारों और जीवन का बलिदान देकर देश को आजादी दिलाई है। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति चढ़ाकर आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्र जीवन का उपहार दिया। वक्ताओं ने बताया कि आजादी के दौरान हुई विभाजन विभीषिका ने लाखों परिवारों को खून के आंसू रोने पर मजबूर कर दिया। उस समय के दर्द और पीड़ा को शब्दों में पूर्ण रूप से व्यक्त कर पाना असंभव है। उन्होंने कहा कि हमें और हमारी आने वाली पीढ़ी को वह दर्द और तकलीफें भविष्य में न झेलनी पड़ें, इसके लिए आवश्यक है कि हम देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा, कार्य और व्यवसाय के माध्यम से देश को उन्नति की राह पर ले जाएं। वक्ताओं के सम्बो धन के दौरान पूरा सभागार जय हिन्द–जय भारत के उद्घोष से गूंज उठा। चीफ वार्डन श्री ललित जायसवाल जी द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी श्री वाई.पी. सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओम प्रकाश यादव, सहायक उप नियंत्रक श्री गुलाम नबी, पूर्व डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, जिला महिला कल्याण अधिकारी नेहा, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन दीपक अग्रवाल आदि अनेकों वार्डन विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी और अनेकों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस भाव विभोर कर देने वाले कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

# जिलाधिकारी ने आवास विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में चल रही आवास विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, निर्माण की गुणवत्ता, कार्यों की समयसीमा और सामने आने वाले अवरोधों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना को निर्धारित समय में और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आगे आए पुलिस उपायुक्त



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशानुसार, नगर पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने गुरुवार को अपने कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं रखीं, जिन पर श्री जायसवाल ने धैर्यपूर्वक संवाद किया और उनकी गंभीरता को समझते हुए तुरंत आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों और अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण उच्च गुणवत्ता और निर्धारित समय सीमा में किया जाए, ताकि जनता को समय पर न्याय और राहत मिल सके। श्री जायसवाल ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी समस्याओं का शीघ्र और पारदर्शी समाधान करना है। इस पहल से लोगों में भरोसा और संतोष की भावना जागी है, जिससे उम्मीद है कि पुलिस-जन सहयोग और भी मजबूत होगा तथा गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था और जनसेवा दोनों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

# बजरंग निवास में हुआ सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित के.बी-45 पर बने बजरंग निवास में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह धार्मिक कार्यक्रम आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा और रचित गोयल द्वारा नवीन कोठी के गृह प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। नव-निर्मित इस कोठी का नाम बजरंग निवास रखा गया है। सुबह से ही भजन-कीर्तन और सुंदरकांड के मंगलमय पाठ की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। 100 से अधिक श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे, जिनमें नगर के कई गणमान्य व्यक्तियों की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन में आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा एवं उनका परिवार, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, मनोज गुप्ता, नरेश गोयल, राघव गोयल, संदीप गंभीर, देवेन्द्र हितकारी, देवेन्द्र अग्रवाल, संजय गोयल, अजय गुप्ता और नरेश चंद्र गोयल सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्व अर्जित किया, बल्कि यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी सद्भाव का प्रतीक भी बना। सुंदरकांड पाठ के समापन पर भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तिमय वातावरण और सामूहिक भक्ति भाव ने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

# स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आगामी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और धार्मिक त्योहार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मद्देनजर गाजियाबाद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर रितेश त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम, रेलवे सुरक्षा बल और डॉग स्क्वायड ने बुधवार रात को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों, संदिग्ध व्यक्तियों और उनके सामान की बारीकी से तलाशी ली गई। प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल और आसपास के क्षेत्रों में भी सतर्क निगरानी रखी गई, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को पहले ही रोका जा सके। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य त्योहार और राष्ट्रीय पर्व के दौरान नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा का माहौल प्रदान करना है, ताकि वे बिना किसी चिंता के अपने उत्सव मना सकें। इस चेकिंग अभियान ने यात्रियों में सुरक्षा के प्रति भरोसा और आत्मविश्वास को और मजबूत किया है।

# राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री सम्मानित हुए

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** किसान मजदूर गरीब आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति के हमदर्द चौधरी जयंत सिंह जी कि आज शादी की वर्षगांठ है हम सब पार्टी के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खेलकूद प्रकोष्ठ निरपाल चौधरी जी के साथ केक काटकर मनाई बहुत-बहुत शुभकामनाएं बधाई भाभी चारु चौधरी जी को और चौधरी जयंत सिंह जी को

उपस्थित लोगों में चौधरी निरपाल सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) रविंद्र चौहान जी प्रदेश महामंत्री रेखा चौधरी जी महानगर अध्यक्ष प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी जी विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव (खेल प्रकोष्ठ) भूपेंद्र डबास ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य,संजीव अरोड़ा जी ,महानगर अध्यक्ष ,(खेल प्रकोष्ठ) ,संजीव चौधरी जी ,जिलाध्यक्ष ,(खेल प्रकोष्ठ) ,दिनेश शर्मा जिला महासचिव,प्रदीप त्यागी जिला महामंत्री आदि मौजूद रहे।

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलपति व उप-कुलपति की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात

वेलकम इंडिया



**लखनऊ/गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और उप-कुलपति ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आधिकारिक आवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की शैक्षिक यात्रा, कार्यप्रणाली और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय का संचालन पूर्णतः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के सभी मानकों के अनुरूप हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से विश्वविद्यालय की प्रमुख पहलों सबके लिए कौशल विकास, भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों के संवर्धन पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान उद्योग और शिक्षा जगत के बीच मजबूत तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि छात्र बदलते पेशेवर परिवेश के अनुरूप पूरी तरह तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत ऐसे पाठ्यक्रम तैयार होने चाहिए, जो विद्यार्थियों को न केवल रोजगारोन्मुख बनाएं, बल्कि उन्हें जीवन के लिए आवश्यक नैतिक मूल्यों से भी सशक्त करें। बैठक के दौरान कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नए पाठ्यक्रम और शैक्षिक सुधारों से जुड़े अपने सुझाव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि प्रत्येक छात्र को मूल्य-आधारित, नीति-अनुपालन और उद्योग-उन्मुख शिक्षा मिले, जिससे वह उज्ज्वल और प्रभावशाली भविष्य की ओर अग्रसर हो सके। प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए इस संवाद को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उन्होंने आश्वस्त किया कि एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण, कौशल-आधारित और संस्कृति-संवर्धनकारी शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# कविनगर इण्डस्ट्रीयल एरिया एसोसिएशन (रजि०)

## की ओर से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं



**अरुण शर्मा**
अध्यक्ष
गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन



**रवि जैन**
महासचिव
कविनगर औद्योगिक क्षेत्र


समस्त क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मंजू शिवाच
विधायक मोदीनगर
डॉ. देवेन्द्र शिवाच
वरिष्ठ भाजपा नेता
निवेदक : भारतीय जनता पार्टी मोदीनगर विधानसभा 57

स्वच्छ मोदीनगर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

सुन्दर मोदीनगर

# भारत स्वच्छता मिशन

# नगरपालिका परिषद, मोदीनगर

## की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

### नगरपालिका मोदीनगर का लक्ष्य :-

- जल बचाएं अपना जीवन बचाएं।
- जल की होगी बर्बादी, तो नही होगी कोई आबादी।
- आओं बचाएं वर्षा जल और सजाएं अपना कल।
- जल की बर्बादी न करना भूल, जल ही है जो बनाता है पृथ्वी पर जीवन को अनुकूल।
- अगर जल संकट को मिटाना होगा तो वर्षा जल संरक्षण को अपनाना होगा।
- स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करें।
- पॉलिथिन का उपयोग बंद करें।
- जल सरंक्षण करें, जल ही जीवन है।
- उपभोक्ता शुल्क एवं पालिका के अन्य शुल्क का समय पर भुगतान करें।
- जलकर व भवन घर समय पर जमा करें।
- कूड़ा कूडेंदान में ही डालें ओर अपने आसपास स्वच्छता रखें।



**नरेंद्र मोहन मिश्र**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, मोदीनगर



**विनोद वैशाली (जाटव)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, मोदीनगर

SRMIST AT 40 A LEGACY UNFOLDS
ACCREDITED BY NAAC GRADE A++
SRM INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
DELHI-NCR CAMPUS, GHAZIABAD (U.P.)

# ADMISSION OPEN 2025




## PROGRAMS OFFERED

### UNDERGRADUATE PROGRAMS

B.TECH | BBA | BCA
B.Sc Hospitality and Hotel Administration | B.Sc Computer Science | BCA Data Science
B.Pharm

### POSTGRADUATE PROGRAMS

M.TECH | MCA | MBA
M.TECH Chemistry | MCA Genrative AI

### DOCTORAL PROGRAMS

Ph.D All Disciplines

#SRMplacements2025

| 12925+ | 1734+ | 65 LPA | 44+ | 203+ | 200+ |
|---|---|---|---|---|---|
| Job Offers | Companies Visited | Highest Salary | Global Offers | 20 LPA & Above | Centres (GCC) |

1800-889-3496
011-41676464
www.srmup.in
admissions@srmup.in
DELHI-NCR CAMPUS Ghaziabad U.P.

15th August
Happy Independence Day
INDIA INDEPENDENCE DAY

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ
सौजन्य से

## T.R.M. GROUP OF INSTITUTIONS

T.R.M.PUBLIC SCHOOL,MODINAGAR & T.R.M.PUBLIC SCHOOL,MURADNAGAR

(A Senior Secondary School,Affiliated to CBSE,New Delhi Delhi – Meerut Road, Modinagar) (A Senior Secondary School, Affiliated to CBSE, New Delhi, Located in Lush Green Pollution free Environment, Rawli Road, Muradnagar)



VINOD KUMAR MAHESHWARI
PRESIDENT – MANAGER
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MODINAGAR



GAURAV MAHESHWARI
MANAGER
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MURADNAGAR



RADHIKA MAHESHWARI
CHAIRPERSON
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MURADNAGAR

### SALIENT FEATURES

- Excellent Educational Aids
- Implementation of National Education Policy
- Lush Green Pollution Free Environment
- Affordable Fee Structure
- Safe and Secure Environment
- Innovative & Progressive Approach
- Child Centric Support System
- Comprehensive Teaching and Monitoring
- Coherent & Structural Learning
- Holistic Growth & Development
- Diverse & Creative Pedagogy
- Technology based Smart Classrooms
- Round the Clock Security through CCTV

MRS. RAJNI OHRI
Principal
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MODINAGAR

MRS. RUCHI AGGARWAL
Principal
T.R.M. PUBLIC SCHOOL, MURADNAGAR

आप सभी को
15 August
स्वतंत्रता दिवस
एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं



## अजय प्रमुख

राष्ट्रीय महामंत्री भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम)
प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत)
प्रदेश अध्यक्ष, शूटिंग बॉल एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश)
डायरेक्टर, सूर्या मल्टी व सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (मुरादनगर)
पूर्व प्रत्याशी मुरादनगर विधानसभा (रालोद )

# DR. K.N. MODI FOUNDATION

MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.).

DR. KEDAR NATH MODI FOUNDATION
Value • Knowledge • Character

83 YEARS OF EXCELLENCE IN EDUCATION

# DR. K.N. MODI UNIVERSITY ( NCR )

ADMISSIONS OPEN 2025-2026

TOLL FREE :- 1800-212-1112

DKNMU VALUE • KNOWLEDGE • CHARACTER




## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

| | |
|---|---|
| 67 Courses | 10,000+ Placements |
| 26 Campuses | 1,000+ Girls in Hostel |
| 250 Acres Land | 38,500+ Students |
| 800+ Faculty | 11,000+ Girl Students |

## Available Streams


Courses Offered


B.TECH., MBA,
BBA, BCA,
D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm,
B.Sc. (BIO-TECH),
B.Ed./M.Ed. (Only for Girls)
OTT | MLT | ECG & X-Ray

Modinagar - +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.
E-mail: admissions@knmodifoundation.com


SUREVIN INTERNATIONAL RESIDENTIAL SCHOOL
Niwari, Modinagar, Ghaziabad, Contact - 07017446596, 8057431321
Wishes all
15th August
Happy India Independence Day
Best Hostel Facilities
COURSES OFFERED: BOARD, JEE, NEET, NDA, CA, CS & CUET
• Sports Integrated Education for Class VI Onwards
• Get tutored by the IIT-JEE, NEET Qualified Expert Faculty
• NEET, JEE Integrated Program for Class IX & XI
ROBOTICS & AI INTEGRATED EDUCATION FOR CLASS VI ONWARDS
in association with
BHARAT AI LABS
Digital Literacy - Every Child's Right
BHARAT AI LABS
BHARAT AI LABS


jain Shikanji
Crazy about quality
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
आइए इस आजादी के जश्न को देश के असली स्वाद
jain Shikanji के साथ ताजगी भरा बनाएं!
हर घूंट कहे
वंदे मातरम!
Satish Jain
Director
www.jainshikanji.com
Like Us On


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
व
जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
स्वदेश कुमार जैन
प्रदेश परिषद सदस्य भाजपा
वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा


सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास
आप सभी देशवासियों
एवं क्षेत्रवासियों को
79 वें
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
दिनेश कुमार गोयल
सदस्य विधान परिषद
सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यावस्था संबंधी जांच समिति
मेरठ- सहारनपुर खंड स्नातक क्षेत्र (भाजपा) उत्तर प्रदेश